Dainink Jaagran. Dehradun (Uttarakhand)

01 March 2023

शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों को सीधी भर्ती के माध्यम से शीघ्र प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत करने की राह निकाली। अब मंत्रीजी एलटी शिक्षकों की वरिष्ठता विवाद के समाधान की राह तलाश कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षक संगठनों के साथ ही न्यायालयों में वरिष्ठता के मुद्दे पर वाद दायर करने वाले शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में वरिष्ठता प्रकरण तो नहीं सुलझा, लेकिन पदोन्नति की बाधा दूर कर दी गई। इससे झगड़े में उलझे शिक्षक भी खुश हैं।



शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बीते मंगलवार विधानसभा के सभागार में शिक्षकों की वरिष्ठता के प्रकरण को लेकर शिक्षक संगठनों के साथ बैठक की ● सूचना विभाग

## दूरस्थ क्षेत्रों में पुस्तकालय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के बाद उत्तराखंड में प्राथमिक, माध्यमिक से लेकर उच्च शिक्षा के स्तर पर बड़े परिवर्तन की सुगबुगाहट है। उत्तराखंड देश के उन चुनिंदा प्रदेशों में हैं, जिन्होंने सबसे पहले नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित किया है। अब इसी अनुरूप व्यवस्था बनाई जा रही है। उच्च शिक्षा में दूरस्थ सरकारी डिग्री कालेजों के पास पुस्तकालय जैसे आवश्यक संसाधन नाममात्र के हैं। पाठ्यक्रम से इतर प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें पुस्तकालय में पर्याप्त संख्या में होने का तो प्रश्न ही नहीं उठता। इस समस्या का समाधान ई-ग्रंथालय योजना के रूप में निकला है। केंद्र सरकार की ई-ग्रंथालय योजना में सरकारी डिग्री कालेजों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसका लाभ यह होगा कि कैटलागिंग की आधुनिक डिजिटल सुविधा के साथ देश के अन्य विश्वविद्यालयों एव कालेजों में उपलब्ध पुस्तकें और शोध पत्र व पत्रिकाओं का अध्ययन प्रदेश के छात्र कर सकेंगे।

## शाह और प्रधान आएंगे

संस्कृत प्रदेश की दूसरी राजभाषा है। इसे बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के स्तर पर तमाम

सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी भाग लेंगे।